## महत्वपूर्ण एवं खास

### कानन पेण्डारी जू में गर्मी से वन्यप्राणियों को राहत पहुंचाने के लिए पर्याप्त प्रबंध

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के वनमण्डल बिलासपुर स्थित कानन पेण्डारी जूलॉजिकल गार्डन में ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर वन्य प्राणियों को राहत पहुंचाने के लिए हर आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। इस संबंध में वनमण्डलाधिकारी बिलासपुर कुमार निशांत ने बताया कि सभी शाकाहारी वन्यप्राणियों हेतु शेड के ऊपर हाथी घास, आवश्यकतानुसार ग्रीन नेट तथा सभी वन्यप्राणियों के मोट में स्वच्छ पीने के पानी की व्वस्था की गई है। इसी तरह भालू, सियार, लोमड़ी, शुतुरमुर्ग, बायसन के मोट में स्वच्छ पानी एवं स्प्रींकलर की व्यवस्था की गई है। साथ ही मांसाहारी वन्यप्राणियों के नाईट शेल्टर में कूलर, एक्जास्क तथा केज में स्प्रीकलर, क्राल में ग्रीन नेट एवं मोट में पानी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पक्षी केज में खस की चटाई की व्यवस्था की जा रही है। कानन पेण्डारी जू में पुराने पाईप लाईन के दुरूस्तीकरण का कार्य जारी है। जू में पानी की उपलब्धता के लिए पुराने 10 बोर चालू अवस्था में है और दो नग नए अतिरिक्त बोर किया गया है। जू के हिप्पोपोटामस केज में शावर की व्यवस्था की जा रही है।

### बालको पुलिस ने सात लोगों से जप्त किये 20 चाकू

**कोरबा (आरएनएस)।** ई-कॉमर्स साइट पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। बालकोनगर पुलिस ने इस दिशा में काम करना जारी रखा है। 7 लोगों से 20 चाकू जप्त करने की कार्रवाई की गई है। ये मामले ऑनलाइन शॉपिंग से जुड़े बताये गए। टीआई राकेश मिश्रा ने बताया कि जानकारी होने पर इन सामानों को अपने कब्जे में लिया गया है। आपराधिक घटनाओं की रोकथाम करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से मिले दिशा निर्देश पर काम किया जा रहा है। लोगों को संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि जो काम नियम विरूद्ध है उस पर पुलिस की नजर है।

### बढ़ते कोरोना संक्रमण के कारण नहीं होगा डोंगरगढ़ में चैत्र नवरात्रि मेला

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी टोपेश्वर वर्मा ने जिले में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए डोंगरगढ़ में इस वर्ष चैत्र नवरात्रि मेला का आयोजन नहीं करने के निर्देश दिए हैं और मां बम्लेश्वरी के दर्शन आम जनता के लिए बंद रहेगा। अनुविभागीय दण्डाधिकारी डोंगरगढ़ अविनाश भोई ने स्टेशन प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे डोंगरगढ़ को चैत्र नवरात्रि 2021 हेतु अतिरिक्त कोच, अतिरिक्त स्टापेज या अतिरिक्त ट्रेन डोंगरगढ़ के लिए संचालित नहीं करने के लिए पत्र लिखा है। उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ में 500 से अधिक कोरोना के पाजिटिव केस हैं। चैत्र नवरात्रि में चैत्र नवरात्रि मेला का आयोजन नहीं होगा और माँ बम्लेश्वरी का दर्शन आम जनता के लिए बंद रहेगा।

### कोरोना की दूसरी पारी फिर भी शिक्षा रहेगी जारी

**» शिक्षा के गोठ में महिला शिक्षिकाओं के नवाचारों को प्राथमिकता**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा अनुरूप स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल को उच्चतम शिखर पर ले जाने के प्रयास प्रारंभ हो गए है। वर्ष भर के लिए शैक्षणिक कैलेण्डर बनाकर नवीन विजन और मिशन तैयार किया जा रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट कार्ड बनाया जाएगा। उक्त बातें स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल में आज जारी शिक्षा के गोठ ई-न्यूजलेटर में उल्लेखित की गई है। इस बार का अंक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर केन्द्रित होने के कारण पिंक कलर में है। तथा महिला शिक्षिकाओं की सफलता की उड़ान को प्रमुखता प्रदान की गई। यह उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला, लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक जितेन्द्र शुक्ला के कुशल निर्देशन में तथा एससीईआरटी के संचालक डी. राहुल वेंकट द्वारा इसका संपादन किया। संपादन मण्डल में डॉ. योगेश शिवहरे, ए. के. सोमशेखर, प्रशांत कुमार पाण्डेय, डॉ. एम. सुधीश, डॉ. विद्यावती चन्द्राकर, सत्यराज अय्यर, डॉ. जयाभारती चन्द्राकर का विशेष भूमिका निभाई है। ज्ञातव्य हो कि शिक्षा के गोठ अंक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की गतिविधियॉ, कोरोना की दूसरी पारी फिर भी शिक्षा रहेगी जारी, की थीम पर मोहल्ला क्लास, नीति आयोग की रैंकिंग में छत्तीसगढ़ के जिले दंतेवाड़ा को तीसरे एंव बस्तर को चौथे स्थान, केन्द्रिय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा घोषित सूची में बिलासपुर का सरकारी स्कूल देश में प्रथम,तथा फोटो गैलरी व मीडिया में पढ़ई तुंहर दुआर एवं 31 हमारे नायक शिक्षक पेज को इस अंक में शामिल किया गया है।

# ग्रामीण बैंक के कैशियर पर देशी कट्टा से फायर करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़/धरमजयगढ़।** थाना धरमजयगढ़ अन्तर्गत ग्रामीण बैंक खम्हार के बैंक कैशियर विनोद लड़का को लूटपाट के लिये पेशेवर रविवादी गैंग के 06 आरोपियों द्वारा फूलप्रूफ तैयारी कर 01 मार्च 2021 को धरमजयगढ़ से खम्हार मार्ग पर घटना को अंजाम दिया गया था पर आरोपियों के हाथ लूटपाट में कुछ नहीं आया, अच्छी बात यह रही कि आरोपियों द्वारा चलाई गई दो गोली में एक गोली कैशियर विनोद लड़का के दाहिने कंधे के नीचे लगी, ईलाज के बाद आहत विनोद लकड़ा खतरे से बाहर हैं। घटना के संबंध में थाना धरमजयगढ़ में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 42/2021 धारा 394,307 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

गोलीकांड की इस घटना पर तत्काल एक्शन में आयी जिला पुलिस दो सप्ताह की सघन जांच पड़ताल में कोरबा जेल में निरूद्ध खुख्यात आरोपी रविवादी के जेल से नेटवर्क चलाने की जानकारी मिली , रविवादी द्वारा खम्हार बैंक कैशियर को लूटपाट करना साफ्ट टारगेट बताया गया था तब आरोपी अंजुलस एक्का और संदीप राठिया द्वारा घटना के पूर्व क्षेत्र की रैकी कर घटना को अंजाम दिये थे। शातिर आरोपियों द्वारा पुलिस के लिये कोई भी इलेक्ट्रानिक साक्ष्य कॉल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज आदि नहीं छोड़ा गया था फिर भी पुलिस लगातार पूछताछ पर दो आरोपियों के रैकी करने की जानकारी मिली जिसके बाद एक-एक कड़ियों को जोड़कर घटना के मास्टर मांइड अंजुलस एक्का और संदीप राठिया तक पहुंची और घटना में शामिल 04 अन्य आरोपियों का पता चला। धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा आरोपी 1-संदीप राठिया 2-अंजुलस एक्का 3-करनदास महंत 4-लाजरूस एक्का को गिरफ्तार कर उनके मेमोरेंडम पर एक नग पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, एक लोहे का खुखरी, मोबाइल, 03 बाइक, नकदी 2000 रूपये एवं आहत विनोद लकड़ा का आधार कार्ड, तीन बैंक पासबुक, बैग आरोपियों के मेमोरंडम पर बरामद किया गया था। घटना के बाद से घटना में शामिल आरोपी कल्याण खाखा निवासी झारखंड एवं अनिल तिर्की निवासी लेमरू कोरबा फरार थे।

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के दिशा निर्देशन पर फरार दोनों आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये एसडीओपी धरूजयगढ़ सुशील नायक के नेतृत्व में 03 पुलिस टीमें आरोपियों के लेमरू, कोरबा और झारखंड में छिपे होने की सूचना पर लगातार छापेमारी किया जा रहा था। अन्ततः झारखंड रवाना हुई टीम को गुमला झारखंड में आरोपी कल्याण खाखा को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। आरोपी को पुलिस टीम हिरासत में लेकर धरमजयगढ़ लाया गया जिससे पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया।

आरोपी कल्याण ठिठियो उर्फ कल्याण खाखा पिता पुलिन्दर ठिठियो उम्र 23 साल निवासी ग्राम उदनी थाना डुमरी जिला गुमला (झारखंड) बताया कि घटना के 8-10 दिन पहले अंजुलस एक्का का भाई लाजरूस एक्का मोबाइल पर कॉल कर लेमरू कोरबा बुलाया था। वहां अंजुलस बैंक कैशियर को लूटना है, 15 से 20 लाख रूपये तक मिल सकता है। घटना के 4-5 दिन पहले अंजुलस और संदीप राठिया बैंक आसपास रैकी किये थे, उनके साथ रैकी में गया था। आरोपी कल्याण ने यह भी बताया कि लूटपाट के लिए 28 फरवरी को संदीप के मौसी के घर सरदुला में अंजुलस, लाजरूस, अनिल तिर्की, संदीप राठिया, करन राठिया के साथ बैठकर लूटपाट की प्लानिंग किये थे और दूसरे दिन दिनांक 01.03.2021 को सुबह जब घटना को अंजाम देने निकले तो एक देशी कट्टा जिसमें एक गोली कल्याण रखा था। संदीप राठिया एक पिस्टल जिसमें 02 नग 9 एमएम की गोली थी, अंजुलस एक्का एक 7एमएम का पिस्टल जिसमें 05 राउंड था, करन एक देशी कट्टा जिसमें 01 गोली था पकड़े हुये थे। तीन बाइक पर कैशियर का पीछा करते हुए दर्राघाटा के आगे मिरीगुड़ा के पास संदीप पिस्टल से कैशियर को गोली मारा उसे गोली नहीं लगी। तब कैशियर को अपने पास रखे देशी कट्टे से गोली चलाया जो कैशियर के दाहिने कंधे में लगा। बैग लूटने के बाद बताती में बैग को खोल कर देखें बैग में रुपए नहीं था।

आरोपी कल्याण ने यह भी बताया कि घटना के बाद अंजुलस एक्का के घर पर था। अपना देशी कट्टा तथा अंजुलस ने अपना 7 एमएम पिस्टलऔर लाजरूस को रखने दिये तो लाजरूस हथियारों को छिपाने के लिये अनिल तिर्की को दिया था। अनिल तिर्की अपने घर के पेड़ के खोखले में हथियारों को छिपा दिया था जिसके बाद झारखंड भाग गया था। आरोपी के मेमोरंडम पर एक देशी कट्टा जिससे कैशियर पर फायर किया गया और 7 एमएम पिस्टल, 05 राउंड सहित तथा 02 और गोली (303 व 7.62 रायफल की) बरामद किया गया है। घटना में शामिल आरोपी अनिल तिर्की फरार है जिसके संबंध में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी हासिल हुई है, आरोपी की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है, शीघ्र फरार आरोपी के गिरफ्तार होने की सम्भवाना है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर धरमजयगढ़ पुलिस को फरार आरोपी गिरफ्तारी करने में सफलता मिली है।

## ओडिसा से 10 चक्का ट्रक में लोड होकर रायगढ़ आ रही 16 टन अवैध स्कैप जब्त, सिटी कोतवाली की कार्रवाई

**रायगढ़।** बुधवार को सुबह थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को मुखबिर से 10 चक्का ट्रक में ओडिसा से लोड़ होकर अवैध स्कैप रायगढ़ लाये जाने की सूचना दिया। सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली थाने से प्रधान आरक्षक शिवलाल सिदार के हमराह आरक्षक हेम प्रकाश सोन, उत्तम सारथी और मनोज पटनायक को नाकेबंदी कर कार्यवाही के लिये रायगढ़-पूंजीपथरा मार्ग के लिये रवाना किया गया। स्टाफ द्वारा दोपहर करीब 12.30 बजे उर्दना तिराहा के पास ट्रक क्रमांक ओडी 15 जी-4240 को रोका गया। वाहन पूरा तिरपाल से ढका हुआ था ताकि

किसी को अवैध स्क्रैप के वाहन में होने का पता न चले, स्टाफ द्वारा वाहन चेक करने पर वाहन में लोहे का कटिंग पार्टस(स्कैप) लोड़ था। वाहन चालक प्रदीप कुमार नायक पिता रेन्चा नायक उम्र 28 साल निवासी बुरूबुड़ा थाना रियाना जिला देवगढ़ (ओडिसा) को वाहन में लोड स्क्रैप के संबंध में पूछताछ में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया जिस पर ट्रक की जप्ती कर वजन कराया गया, जिसमें 16 टन स्रैद प कीमती 3,52,000 रूपये का लोड़ था। कोतवाली पुलिस आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध 41(1+4) सीआरपीसी / 379 आईपीसी की कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## पार्षदो के सहयोग से क्षेत्रवासियों को टीका लगवाने के लिये मेडिकल कॉलेज भेजा गया

**» निगम के द्वारा किया गया 2 बसों का संचालन**

**रायगढ़ (आरएनएस)।** जिला कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय द्वारा कोविड वेक्सिनेशन को लेकर शहरवासियों के सुविधाओ के लिये 2 बस की ब्यवस्था की गई है जिसे मिनी स्टेडियम से निगम के उपायुक्त सुतीक्षण यादव,स्वास्थ्य अधिकारी ईश्वर राव,राजस्व विभाग से मकरध्वज मालाकर ,हरिकेश्वर लकड़ा एवम उनकी टीम के मॉनिटरिंग में रवाना किया गया जो वार्ड में पार्षदो के सहयोग और बताए हुए स्थल से 45 वर्ष के ऊपर वालो को टिका लगवाने मेडिकल कालेज एवम सेंटरो में ले जाया जाएगा साथ ही वापस उन्हें नियत स्थल पर छोड़कर पुनः दूसरे लोगो को ले जाएगा,बस में लोगो को ले जाने क्षेत्र के मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भी सहयोग मिल रहा है आज वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद प्रभात साहू एवं वार्ड 28 के पार्षद राकेश तालुकदार के सहयोग से क्षेत्रवासियों को वैक्सीन लगवाने बस द्वारा मेडिकल कालेज ले जाया गया।वहीं सावित्री नगर अम्बेडकर आवास के भी निवासियों को बस द्वारा टीकाकरण के लिये ले जाया गया।साथ ही टिका लगाने वालों को निगम द्वारा नास्ते पानी भी दिए गए।

निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने बताया कि कलेक्टर सर के निर्देशन में आज से 2 बसों का संचालन आरम्भ किया गया है,जो आवश्यकता के अनुसार क्षेत्र से लोगो को जनप्रतिनिधियो के सहयोग से मेडिकल कालेज और वैक्सीन सेंटरों में ले जाया जाएगा।

## शिक्षकों को 50 लाख का बीमा कवर देने की मांग

**कोरबा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में एक बार कोरोना तेजी से पैर पसार रहा है। इसी के साथ कोरोना टीकाकरण भी रफ्तार पकड़ रहा है। इस बीच छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने प्रदेश सरकार से कोविड.19 की ड्यूटी में तैनात राज्य के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को फ्रर्ट लाइन कोरोना वारियर्स घोषित करने के साथ 50 लाख बीमा कवर की मांग की है। एन. के.राजवाड़े सचिव जिला कोरबा छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का कहना है कि कोरोना वायरस टीकाकरण के लिए एक्टिव सर्विलेंस टीम के रूप में शिक्षकों एवं कर्मचारियों को दल प्रभारी बनाया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन के साथ ड्यूटी लगाया गया है। वही, अन्य कार्यो जैसे केंद्र मे टीकाकरण से सम्बंधित कार्यो हितग्राही पंजीयन, मोबाइलाइजेसन के रुप में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रथम पंक्ति का कोरोना वॉरियर्स नहीं माना जा रहा है और ना ही 50 लाख बीमा की सुरक्षा दी जा रही है।

वर्तमान में बहुत से शिक्षक एवं कर्मचारी कोविड से संक्रमित हो रहे हैं और वाहक के रूप में भी कार्य कर रहे हैं, जिससे शिक्षकों एवं कर्मचारियों के जीवन पर खतरा बना हुआ है।

## विधायक हमेशा से मेरे मार्गदर्शक रहे है- जानकी काट्जू

**» शहर के विकास को देख बौखला रहे विपक्षी, कर रहे उटपटांग बयानबाजी**

**रायगढ़ (आरएनएस)।** वर्तमान में सोशल मीडिया और प्रेस ,पोर्टल आदि पर वायरल हो रहे खबर जिसमे महापौर के लेटरपेड की तरह फर्जी लेटरपेड पर अनर्गल बातें सामने आ रही है महापौर ने उसे एक सिरे से खारिज किया है और बताया कि आज यदि वे चुनाव लड़कर महापौर बनी है तो उसमें रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक ने ही मुझे महापौर बनाया है।वे कहती है,हमारे बीच किसी प्रकार का मत भेद नही है मैं हमेशा उनके मार्गदर्शन में शहर विकास के कार्यो में नित प्रतिदिन लगी हुई हूँ,जिसमे कांग्रेस पार्टी के सभी सदस्यों एवम पदाधिकारियों का मार्गदर्शन और सहयोग भी मिलता आ रहा है जिससे नगर के विकास को गढ़ने में कांग्रेस ,शहर सरकार व विधायक महोदय के स्वच्छ छवि का भरपूर सहयोग मिलता आ रहा है और आज सभी वार्डो में महासफाई अभियान दो दो चरण में करते हुए समस्याओ का निराकरण किया गया कई वार्ड में सड़क,नाली,सौंदर्यीकरण आरम्भ भी हो चुके जिसमे स्वयं विधायक प्रकाश नायक,कलेक्टर भीम सिंह,सभापति जयंत ठेठवार,एमआई सी,पार्षद,और समेत निगम की टीम शामिल रही है।कही कोई वर्चस्व की लड़ाई नही है हम सब एक है और राज्य सरकार की जनहित योजनाओं का लाभ दिलाने हरसंभव प्रयास कर रहे है,कभी भी विधायक जी ने निगम के कार्यो में हस्तक्षेप नही किया बल्कि एक मार्गदर्शक बनकर जनता के हित में रास्ता दिखाया है,आज मैं नही पूरा शहर सौंदर्य और विकास को लेकर उत्साहित है जो शोसल मीडिया में फ़ोटो डालकर प्रशंसा कर रही है।

किन्तु कुछ गंदे राजनीति करने वाले लोगो ने मेरी छवि को धूमिल करने हेतु विधायक महोदय, सभापति, एवम एम आई सी सदस्यों तथा पार्षदगणों के बीच मतभेद पैदा कर आज पोर्टल एवम जनसमुदाय के समक्ष अनर्गल बातों को लाते हुए कूटरचित ढंग से मेरे नाम का लेटरपेड समरूप बनाकर मंत्रीगणों एवम अन्य को लेखकर समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ है जो कि यह मेरे द्वारा नही किया गया है और जिस तरह का लेटरपेड का प्रारूप माननीय मंत्री जी के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जिसका अवलोकन करने पर पाया गया कि उक्त लेटरपेड और मेरे उपयोग की जा रही लेटरपेड में भिन्नता है जिसे देखकर मैं स्वयं अचंभित हूँ।

# पत्थलगांव में हुई छग चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की पहली औपचारिक बैठक

**रायगढ़ (आरएनएस)।** छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की पहली औपचारिक बैठक गत मंगलवार को चेम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास के मुख्य आतिथ्य में, पत्थलगांव के अग्रसेन भवन में हुई। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सुशील रामदास और पूर्व मंत्री राजेश अग्रवाल सहित उपस्थित गणमान्य लोगों द्वारा महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके पश्चात स्थानीय गणमान्य लोगों द्वारा चेम्बर के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास व चेम्बर के पूर्व मंत्री राजेश अग्रवाल सहित मंच पर उपस्थित अतिथियों का फूल-माला से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन पत्थलगांव अग्रवाल सभा के सचिव पवन मित्तल ने की। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित स्थानीय अग्रवाल सभा अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अंजनी अग्रवाल, सरगुजा संभाग के संभागीय अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने सभा को संबोधित किया। सभी ने अपने संबोधन में सुशील रामदास को पत्थलगांव का बताते हुए कहा कि हमें इस बात की कितनी खुशी है। यह शब्दों में व्याख्या कर पाना संभव नहीं है कि हमारे परिवार का बच्चा आज प्रदेश स्तर पर व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए निर्वाचित हुआ है। सभी ने सुशील रामदास को शुभकामना देते हुए, उनकी भूरि - भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशील रामदास ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त रायगढ़ जिला के पूरे व्यापारी बंधुओं ने मुझे अपने सामाजिक और व्यापारिक हित की रक्षा का दायित्व दिया है। उसके लिए मैं सभी को हृदय के अंतर तल से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं और मैं आपलोगों से अनुरोध करूंगा कि हम अधिक से अधिक सदस्य बनाए, क्योंकि एकता में ही शक्ति होती है। कोई भी संगठन हो उसमें लोगों की संख्या यह तय करती है कि उसके आवाज में कितनी ताकत है। साथ ही उन्होंने उपस्थित वयोवृद्ध लोगों के स्वागत को शिरोधार्य बताया और उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जितेन्द्र अग्रवाल, सतीश मित्तल, अरूण गुप्ता, रामनिवास जिन्दल, मनमोहन गोयल, पप्ल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, मुरारीलाल अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, प्रयाग राज अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल व मयंक अग्रवाल सहित नगर के कई अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

सुशील रामदास द्वारा सभा में सभी लोगों से प्रस्ताव रखने के उपरांत सभी लोगों ने एक शूर मे कहा कि जशपुर जिले के सभी नगरों में चेम्बर की अपनी इकाई होनी चाहिए।

## नक्सली विरोधाभास व भ्रामक जानकारी दे रहे हैं, नक्सलियों को हुआ है बड़ा नुकसान : कमलोचन

**बीजापुर (आरएनएस)।** नक्सलियों ने तर्रेम मुठभेड़ के बाद जारी प्रेस नोट पर बीजापुर एसपी कमलोचन कश्यप ने कहा कि नक्सली भ्रामक जानकारी दे रहे हैं। पहले भी मीनपा में पुलिस नक्सली मुठभेड़ हुई थी और उस समय नक्सलियों ने कहा था कि हमारे तीन साथी मारे गए, इसके बाद शहीदी सप्ताह के दौरान उन्हें बताना पड़ा था कि उनके 30 से अधिक साथी मारे गए थे। नक्सलियों के प्रेस नोट में 04 नक्सली मारे जाने की बात लिख रहे है, लेकिन 05 नक्सलियों की फोटो भेज रहे हैं। कहीं न कहीं नक्सलियों की बातों में विरोधाभास दिख रहा है। नक्सलियों को तर्रेम मुठभेड़ में बड़ा नुकसान हुआ है। अगस्त में जब नक्सली शहीदी सप्ताह मनाएंगे तो इसकी संख्या लगभग 10 गुना होगी। हमारे जवान बहादुरी से लड़े हैं और नक्सलियों को भी बड़ा नुकसान हुआ है।

गौरतलब है कि मंगलवार को नक्सल संगठन भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प के हवाले से जारी प्रेस में नोट में पांच नक्सलियों के मारे जाने की बात स्वीकारते हुए उनकी फोटो जारी की है। इनमें एक महिला जनमिलिशिया सदस्य होना बताया गया है। इनमें से महिला नक्सली सन्नी का शव नहीं ले जा पाने की बात स्वीकारी है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480